# बीडा का मास्टर प्लैन व बिल्डिंग बायलॉज को ग्रीन सिग्नल




**बोर्ड बैठक**

- विद्युत विभाग के कर्मचारी बीडा में जाएंगे प्रतिनियुक्ति पर
- न्यूनतम 26 लाख रुपये एकड़ होगी बीडा में औद्योगिक भूमि
- निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन होगा बीडा कार्य

**झाँसी :** बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में आधुनिक शहर बसाने की राह की तमाम मुश्किलें आसान हो गईं। लखनऊ में मुख्यसचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बीडा की बोर्ड बैठक में मास्टर प्लैन के साथ ही बिल्डिंग बायलॉज, भूमि आवण्टन के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया गया। बीडा में भूमि की न्यूनतम कीमत भी 26 लाख रुपये तय कर दी गई है। इसी के साथ बीडा में बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाएंगे।



अमृत त्रिपाठी

बोर्ड बैठक के बाद सीइओ अमृत त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मास्टर प्लैन व भवन नियमावली में आई आपत्ति व सुझाव पर चर्चा के बाद उसे अनुमोदित करते हुये शासन के अनुमोदन के लिये भेज दिया गया। बोर्ड बैठक में सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु भूमि आवण्टन पर चर्चा की गई। भूमि आवण्टन पर और उसकी कीमत भी तय कर दी गई। भूमि का आवण्टन और उसकी कीमत लोकेशन के आधार पर निर्धारित की जाएगी। बीडा को 136 सेक्टर में विभाजित किया गया है। यहाँ पर औद्योगिक इकाई लगाने के लिये सबसे कम कीमत 26 लाख रुपये प्रति एकड़ होगी। इसके अलावा अन्तर्राष्ट्रीय सिटि, सामुदायिक भवन, आवास आदि के आवण्टन भी समिति द्वारा तय की गई नियमावली के अनुसार किया जायेगा। बैठक में तय किया गया कि बिजली विभाग के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ताओं को प्रति नियुक्ति पर विभाग द्वारा भेजा जाएगा। बीडा के प्रथम चरण में 2000 एकड़ में तैयार होने वाले स्ट्रक्चर के लिये संस्था को हायर करने की अनुमति दी गई। भवन की विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) भी अन्तर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा तैयार की जाएगी। बीडा के कार्य में पूरी पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए बैठक में सबसे महत्वपूर्ण



निर्णय लिया गया कि बीडा को ऑनलाइन किया जायेगा। निवेश मित्र पोर्टल से जोड़कर जनता व निवेशक सम्बन्धी सभी कार्य होंगे। बीडा में भूमि आवण्टन का आवेदन, मानचित्र स्वीकृत अथवा अन्य सभी कार्य इसी के माध्यम से होंगे और तय मियाद के अन्दर इन्हें निस्तारण किया जायेगा। बैठक में शासन स्तर से वित्त विभाग, जल निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी, बीडा के एसीइओ प्रवीण वर्मा लखनऊ में उपस्थित रहे जबकि मण्डलायुक्त झाँसी बिमल कुमार दुबे व जिलाधिकारी झाँसी मृदुल चौधरी ऑनलाइन हिस्सा बने।